उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद्

संयुक्त प्रवेश परीक्षा एवं प्रशिक्षण अनुसंधान विकास प्रकोष्ठ, अपर आमवाला देहरादून

संयुक्त प्रवेश परीक्षा पालीटेक्निक्स–2022

प्रवेश हेतु ऑनलाईन/ऑफलाईन आवेदन की सूचना

उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद् रूड़की से सम्बद्ध, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद तथा फार्मेसी काउंसिल आफ इण्डिया से अनुमोदित प्रदेश के राजकीय/महिला/ग्रामीण/अनुदानित एवं निजी पालीटेक्निक/संस्थानों में चल रहे विभिन्न पाठ्यक्रमों में सत्र 2022–23 में प्रवेश के लिये आयोजित होने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षाओं हेतु अभ्यर्थियों से ऑनलाईन/ऑफलाईन आवेदन निम्नानुसार आमंत्रित किये जाते हैं:–

पाठ्यक्रम कोड एवं नाम	न्यूनतम शैक्षिक अर्हता
E- डिप्लोमा इंजीनियरिंग / टेक्नोलाजी पाठ्यक्रम	मा0शि0प0 उत्तराखण्ड की हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण अथवा समकक्ष परीक्षा। (Obtained at least 35% marks at the qualifying examination)
P-डिप्लोमा इन फार्मेसी	भारत के राजपत्र संख्या 19, Part-3, Section-4, Chapter.2 बिन्दु संख्या 4 के अनुसार 10+2/ इन्टरमीडिएट, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान तथा जीवन विज्ञान अथवा गणित विषयों के साथ। फार्मेसी काउंसिल आफ इण्डिया के मानकों के अनुसार राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय से इन्टरमीडिएट उत्तीर्ण फार्मेसी पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु मान्य होगा।

उपरोक्त के अतिरिक्त ग्रुप–A (डिप्लोमा इंजी0 पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में लेटरल एन्ट्री के माध्यम से प्रवेश), ग्रुप–M (माडर्न आफिस मैनेजमेन्ट एण्ड सेक्रेट्रियल प्रैक्टिस), ग्रुप–H (होटल मैनेजमेन्ट एण्ड कैटरिंग टेक्नोलॉजी), ग्रुप–T (गारमेन्ट टेक्नोलॉजी, फैशन डिजाईन एवं टेक्सटाईल डिजाइन) तथा ग्रुप–G (पी0जी0डी0सी0ए0) पाठ्यक्रमों में अभ्यर्थियों को सीधे न्यूनतम शैक्षिक अर्हता के आधार पर मेरिटवार प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जायेगी। उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक छात्र परिषद् की वेबसाईट से विवरण पुस्तिका डाउनलोड कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी हेतु विज्ञापन काउंसिलिंग के समय जारी किया जायेगा।

ऑनलाईन आवेदन हेतु निर्देश:–

प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी परिषद् की वेबसाईट **www.ubter.in** अथवा **www.ubtejeep.co.in** पर आनलाईन आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक ग्रुप के लिये अलग–अलग आवेदन करना होगा। आनलाईन आवेदन दिनांक 20 जनवरी 2022 से 31 मार्च 2022 तक किया जा सकता है। अभ्यर्थी आवेदन शुल्क **Net Banking/Debit Card/Credit Card** के माध्यम से जमा कर सकते हैं। ऑनलाईन आवेदन करने की विस्तृत जानकारी परिषद् की वेबसाइट **www.ubter.in** एवं **www.ubtejeep.co.in** पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी आनलाईन आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण कर शुल्क रसीद एवं पंजीकरण रसीद की प्रति अपने पास सुरक्षित रखेंगे।

ऑफलाईन आवेदन (ओ0एम0आर0) हेतु निर्देश:–

प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 25 जनवरी 2022 से 31 मार्च 2022 के मध्य परिषद् से सम्बद्ध समस्त राजकीय एवं सहायता प्राप्त पॉलीटेकनिकों से ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र क्रय कर दिनांक 31 मार्च 2022 तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा स्वयं जमा कर सकते हैं।

नोट:– प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन करने से पूर्व न्यूनतम शैक्षिक अर्हता, अनिवार्य अर्हता, आवेदन शुल्क, परीक्षा कार्यक्रम, आरक्षण एवं निर्धारित पाठ्यक्रम आदि का विस्तृत अध्ययन विवरण पुस्तिका से अवश्य कर लेवें। अभ्यर्थी परिषद् की वेबसाईट **www.ubter.in** अथवा **www.ubtejeep.co.in** से विवरण पुस्तिका निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं।

प्रवेश परीक्षा तिथियों की सूचना समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशन एवं वेबसाईट के माध्यम से आवेदन पत्र जमा होने की अंतिम तिथि के पश्चात घोषित की जायेगी। अभ्यर्थियों को डाक के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजे जायेंगे। अभ्यर्थियों को एस0एम0एस0 के माध्यम से प्रवेश पत्र की सूचना उपलब्ध करायी जायेगी। अभ्यर्थी वेबसाईट **www.ubter.in** अथवा **www.ubtejeep.co.in** पर पंजीकरण संख्या/ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र संख्या की प्रविष्टि कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे।

विज्ञापन सं0 **1130**/जीप–2022/प्रवेश सूचना/2021–22 दिनांक 03 जनवरी 2022

सचिव